

## एक नजर में

### पेट दर्द से महिला की मौत

**श्योपुर, 18 अगस्त।** ढोढर थाना क्षेत्र के बनखरा गांव में अचानक महिला के पेट में दर्द उठने से उसकी मौत हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए भी ले गए लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजन को सौंप दिया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तिल्लीडेरा हाल निवासी बनखरा 20 वर्षीय अनीशा पत्नी रामकिशोर आदिवासी के पेट में 18 अगस्त की सुबह 8 बजे अचानक दर्द उठा। दर्द इना तेज उठा की महिला कर्राती रही। परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए ले गए उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के पति रामकिशोर उर्फ अमर आदिवासी की शिकायत पर मर्ग कायम कर लिया है।

### पीने के लिए पानी मांगने पर डंडों से पीटा

**श्योपुर।** बरगवां थाना क्षेत्र के लहरौनी गांव के पीने के लिए पानी मांगने की बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस झगड़े में दो लोगों ने मिलकर फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लहरोनी निवासी विक्रम सिंह ने बताया कि 17 अगस्त की सुबह 2 :30 बजे पहाड़ी रोड स्थित फार्महाउस पर था। तभी मलखान पुत्र मुरारी कुशवाह, रामस्वरूप पुत्र भरोषी कुशवाह आए और पीन के लिए पानी मांगा। जब मैने पानी देने से मना किया तो उल्टा आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए डंडों से मारपीट कर दी, जिससे शरीर पर कई जगह चोट आई है। पुलिस ने विक्रम सिंह पुत्र केशवह सिंह की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**श्योपुर।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के पेट्राल पंप के पास से अज्ञात बाइक चालक ने फरियादी को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार किन्नपुरा निवासी 21 वर्षीय रघुवीर बंजारा पैदल-पैदल पेट्रोल पंप की तरफ जा रहा था, तभी बाइक क्रमांक एमपी 31 एमजी 4195 के चालक ने बाइक को तेज गति से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। हादसे के बाइ बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित बाइक चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया है।



### उत्कृष्ट कार्य वाली पंचायतां को किया सम्मानित

**श्योपुर।** विजयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत के समग्र विकास सूचकांक में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार पंचायत उन्नति सूचकांक विमोचन कार्यशाला के दौरान दिए गए । जनपद पंचायत विजयपुर के सभागार में जनपद अध्यक्ष बदन सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित उक्त कार्यशाला में एसडीएम अभिषेक मिश्रा, उदय सिंह धाकड़ जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अभिनंदन भदौरिया पंचायत इंस्पेक्टर आदि उपस्थित थे। पंचायत उन्नति सूचकांक कार्यशाला में पंचायतो के समग्र विकास प्रदर्शन मापक के रूप में पंचायत उन्नती सूचकांक अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायत पुरा, घूघस, रघुनाथपुर, बडौदाकला, हीरापुरा, खुरजान, इकलौद, गढ़ी, नदीगांव, बूढ़ेरा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही समग्र विकास अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 पंचायतों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में भी प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा पंचायत उन्नति सूचकांक वेबसाइट में जानकारियों की प्रविष्टि करने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# खाद की समस्या को लेकर चक्काजाम

**ढोटी स्थित चंबल नहर की पुलिया पर सुबह किया प्रदर्शन**



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अगस्त।** श्योपुर में किसानों ने सोमवार को श्योपुर-कोटा हाईवे पर ग्राम ढोटी स्थित चंबल नहर की पुलिया पर सुबह 10:30 से दोपहर 12:30 बजे तक चक्का जाम किया। किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला ने बताया कि 8 जुलाई से ढोटी और बगवाड़ा के बीच चंबल दाहिनी नहर क्षतिग्रस्त है। इससे धान की फसल को सिंचाई का पानी नहीं मिल पा रहा है। जल संसाधन विभाग को पहले ही नहर में रिसाव की जानकारी दी गई थी। विभागीय लापरवाही से नहर टूट गई। जिले में विद्युत आपूर्ति लगातार बाधित है। फीडर ओवरलोड होने से किसानों को सिंचाई के लिए बिजली नहीं मिल रही। यूरिया खाद की कमी और कालाबाजारी से किसानों की परेशानियां बढ़ गई हैं। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने तीन प्रमुख मांगें रखीं। पहली, क्षतिग्रस्त चंबल दाहिनी नहर की मरम्मत कर सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता। दूसरी, विद्युत व्यवस्था में सुधार। तीसरी, यूरिया खाद की पर्याप्त आपूर्ति।

नायब तहसीलदार एसएस सेंगर और जल संसाधन विभाग के एसडीओ आरएन तिवारी ने मौके पर पहुंचकर नहर की तुरंत मरम्मत और अन्य समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया। किसान नेता राधेश्याम मीणा ने चेतावनी दी है कि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होने पर बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल, देहात थाना प्रभारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## सांप के काटने से बुजुर्ग महिला की मौत

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अगस्त।** बरगवां थाना क्षेत्र के हीरापुरा गांव में सांप के काटने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया, और मर्ग कायम कर मामले की जांच की शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हीरापुरा निवासी 77 वर्षीय गंगली बाई पत्नी बदिया पटेलिया 17 अगस्त की रात 11 बजे खाना खाकर घर पर सो रही थी, तभी उसे सांप ने काट लिया।

महिला की हालत बिगड़ने पर जब परिजनों को इस बारे में पता चला तो वह इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मंजी पुत्र बदिया पटेलिया की शिकायत पर मर्ग कायम कर लिया है।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्योपुर, 18 अगस्त।** कराहल थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को टॉल टैक्स् के पास से पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 6 लीटर कच्ची शराब बरामद की है, जिसकी कीमत 600 रुपये है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गिर्राज पुत्र रामसिंह बंजारा निवासी . बडी कालोनी कराहल बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# बाबा महाकाल दर्शनों के लिए शहर से बाइक यात्रा रवाना





**श्योपुर में जेसीबी पर चढ़कर भक्तों ने की फूलों की बारिश विधायक हुए शामिल**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अगस्त।** मगनानन्द सेवा समिति की ओर से सोमवार सुबह 10 बजे मोतीकुई से उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए भव्य बाइक यात्रा निकाली गई। ढोल-ताशों और महाकाल भजनों की गूंज के बीच निकली इस यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे शहर में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।

ढोल-ताशों की गूंज और डीजे पर बजते महाकाल भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

यात्रा के साथ महाकाल का आकर्षक स्वरूप सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जगह-जगह पर स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। विशेष दृश्य तब देखने को मिला जब नगरपालिका परिसर में भक्तों ने जेसीबी पर चढ़कर यात्रा पर फूलों की बारिश की। इस अनोखे नजारे को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और शहरवासियों ने इसे अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया।

### यात्रा का मार्ग और जयकारे

यह भव्य बाइक यात्रा शहर के प्रमुख मार्गोंकृकिला रोड, मुख्य बाजार, जय स्तंभ, रामतलाई और बड़ोदा रोड से होकर गुजरी। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने स्वागत द्वार बनाए थे। हर स्थान पर फूल बरसाए गए और महाकाल के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

**जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी** : इस धार्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। विधायक बाबू जंडेल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जाट और रामलखन नापा खेड़ली सहित कई गणमान्य लोग यात्रा का हिस्सा बने और श्रद्धालुओं के साथ हर-हर महादेव के जयकारे लगाए।

**समिति का उद्देश्य** : मगनानन्द सेवा समिति के पदाधिकारि ब्रजेश मुदगल ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य समाज में धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना और लोगों को महाकाल की भक्ति में एकजुट करना है। उज्जैन महाकालेश्वर दर्शन कर सभी श्रद्धालु नगर व समाज की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना।

# कलेक्टर ने छात्रावासों का निरीक्षण कर देखी हकीकत



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अगस्त।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सोमवार को सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित छात्रावासों का अवलोकन करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होने छात्रावासीय बालिकाओं को पुस्तक, बैग सहित अन्य सहायक शैक्षणिक सामग्री का वितरण भी किया। इस अवसर पर डीपीसी डॉ पीएस गोयल, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन, सहायक जनसपंर्क अधिकारी अवंतिका श्रीवास्तव सहित हॉस्टल वार्डन आदि उपस्थित रहें।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने शहर के बायपास रोड पर संचालित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास तथा कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने बालिकाओं से चर्चा करते हुए भोजन सहित आवासीय व्यवस्थाओं तथा अध्ययन-अध्यापन के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होने छात्रावासों के निरीक्षण के दौरान छात्रावास भवन की पुताई कराये जाने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत श्योपुर जिले में 7 छात्रावास संचालित है, जिनमें 1 हजार 50 बालिकाओं को आवासीय व्यवस्थाओं सहित अध्ययन-अध्यापन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## आवास हितग्राहियों को दी समझाइश

**श्योपुर, 18 अगस्त।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवास निर्माण के कार्यो को 15 सितंबर तक पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में आज सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर तथा जनपद में आवास योजना के प्रभारी सहदेव माथुर द्वारा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम नयागांव तेखण्ड, मेखडाहेडी एवं पटना में आवास हितग्राहियों को आवास पूर्ण करने के संबंध में समझाइश दी गई।

इस अवसर पर पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवास हितग्राहियों से डोर टू डोर संपर्क किया गया, साथ ही पंचायत भवन में सभी हितग्राहियों के साथ बैठक करते हुए अवगत कराया कि सभी को अपने आवास 15 सितंबर तक पूर्ण करना है। उन्होने बताया कि आवास के स्तर के अनुसार किस्त की राशि तत्काल ही पोर्टल के माध्यम से खाते में भेजी जा रही है, इसलिए सभी हितग्राही अपने-अपने आवास शीघ्रता से पूर्ण करने का कार्य करें, सभी को अपना आवास 15 सितंबर तक पूर्ण करना है।



# शिक्षक प्रतिदिन ऑनलाईन उपस्थिति लगाएं : जिलाधीश



**मीटिंग के दौरान गुटका, तम्बाकू का सेवन करने पर लगेगा जुर्माना**

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 18 अगस्त।** कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े की अध्यक्षता में प्रत्येक सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन, विभागीय योजनाओं एवं विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों की गहन समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने बैठक में सीएम हैल्पलाइन में सीएमएचओ की खराब रैंकिंग पर नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समय-सीमा में संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत 50 से कम न हो साथ ही ग्रेडिंग का भी विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने कहा कि 50 प्रतिशत से कम संतुष्टि पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी तथा किसी भी स्थिति में ग्रेडिंग 80 प्रतिशत से कम नहीं रहनी चाहिए। श्री वानखडे ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए की जो पटवारी अपने कार्य में कोताही बरत रहे हैं, उन्हें निलंबित किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न अंतरविभागीय मुद्दों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर द्वारा गौशालाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि यदि किसी गौशाला में बिजली-पानी जैसी व्यवस्थाएं पूरी होने के बावजूद गौशाला संचालित नहीं हो पा रही है, तो नोटिस देकर उसकी वित्तीय प्रभार व्यवस्था समाप्त की जाएगी। इस संबंध में सीईओ जनपद को आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए साइकिल वितरण एवं छात्रवृत्ति प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। इसी तरह जीवन ज्योति आवेदनों, एनआरसी, अस्थायी एनआरसी निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0, पीएम विश्वकर्मा योजना, संजिवनी क्लीनिक तथा फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को लाभान्वित करने की स्थिति आदि की समीक्षा भी की गई।

बैठक के अंत में कलेक्टर श्री वानखेड़े ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर या बैठक स्थल पर यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी बीड़ी, गुटका अथवा धूम्रपान करता पाया गया, तो संबंधित पर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई। कलेक्टर द्वारा बैठक में सीएमएचओ एवं जिला जिला शिक्षा अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि सीएचओ एवं शिक्षकों की प्रतिदिन ऑनलाईन उपस्थिति लगवाना सुनिश्चित करें।

## भाजपा की जन विरोधी नीतियों को उजागर करूंगा : दांगी



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 18 अगस्त।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय बम बम महादेव पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को निवर्तमान अध्यक्ष रामकिंकर गुर्जर ने पद भार सौपा कार्यक्रम में पूर्व विधायक घनश्याम सिँह ने कहा एक नए उत्साह के साथ सभी करकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस को मज़बूत करें।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा सभी कार्यकर्ताओ को साथ लेकर कांग्रेस एवं राहुल गाँधी जी के हाथ मज़बूत करूंगा। जिले के हर एक गांव हर एक शहर के गली मोहल्ला से आम जन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ आवाज को बुलंद करना एवं कांग्रेस से जोड़ने का काम करना मेरी प्राथमिकता रहेगी एवं जिले के हर एक गांव की पंचायत कांग्रेस कमेटी एवं गांव एवं शहर हर एक वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन करने का काम हम सभी कांग्रेस जन मिलकर करेंगे जल्दी से जल्दी। कार्यक्रम का संचालन शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय शुक्ला ने किया एवं आभार डॉ राकेश खरे द्वारा किया गया। इस दौरान,पूर्व प्रदेश सचिव कौशल यादव,नरेंद्र गुर्जर, शिशुपाल सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी अशोक श्रीवास्तव, सुनील कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे!

## 5 वर्ष से ढंके गांधी स्तंभ का हुआ अनावरण



**नवभारत न्यूज**
**सेवढ़ा, 18 अगस्त।** स्थानीय शासकीय गोविंद महाविद्यालय में 5 वर्ष से कपड़े से ढका गांधी स्तंभ अनावतरित हो गया है। इसका अनावरण जिला पंचायत सदस्य कपिल महते द्वारा किया गया। यहां बता दें कि अक्टूबर 2020 में प्रदेश सरकार द्वारा गोविंद महाविद्यालय में गांधी स्तंभ का निर्माण करवाया गया था। तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने स्तंभ का निर्माण करने के निर्देश एवं राशि का आवंटन महाविद्यालय प्रशासन को किया था। जिसके बाद स्तंभ बनकर तैयार हो गया लेकिन इसका अनावरण नहीं हो पाया।

मार्च 2021 में स्तंभ का निर्माण करने वाली कमलनाथ सरकार चली गई और इसके बाद बीते 5 वर्ष से गांधी स्तंभ में बनी गांधी जी की स्टेच्यू कपड़े से ढकी हुई थी। स्तंभ में चारों ओर शासन द्वारा भेजी गई इबारत लिखी थी जिसमें तत्कालीन कमलनाथ सरकार के मंत्रियों के भी नाम लिखे थे। यह भी एक वजह रही की कॉलेज प्रबंधन में स्तंभ की अनावरण को लेकर रुचि नहीं दिखाई। इन 5 वर्ष में गांधी स्तंभ के नीचे लगे ग्रेनाइट पत्थर निकलने लगे और इसको आंशिक क्षति भी हुई। इसके बाद समाचार पत्र में यह मामला खूब उठा। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्रेश गुप्ता द्वारा भी कॉलेज प्रबंधन से स्टैच्यू के अनावरण को कहा गया। हाल ही में एसडीएम अशोक अवस्थी के कॉलेज दौरे के दौरान भी यह मुद्दा उठा तो एसडीएम अवस्थी ने कालेज प्रबंधन को गांधी जी के स्टैच्यू से कपड़ा हटाकर अनावरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन लाल दीक्षित एवं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुल्तान मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व मंडी अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा द्वारा स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के शहीदों की शहादत का वर्णन विस्तार से किया।

## 3 तीन फरार आरोपी व 5 जुआरी गिरफ्तार

**आरोपी के कब्जे से 315 बोर का कट्टा, एक जिंदा राउंड जप्त किया**

**नवभारत न्यूज**
**उनाव, 18 अगस्त।** उनाव पुलिस ने अलग-अलग कार्यवाही में दो आरोपी एवं जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया। टीआई उनाव धवल सिंह चौहान ने बताया कि अवैध हथियारों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आकाश पुत्र हरभजन परिहार उम्र 23 साल निवासी गुजर्रा थाना उनाव जिला दतिया को गिरफ्तार किया गया, उसके कब्जे एक 315 बोर का कट्टा एक जिंदा राउण्ड जप्त कर अपराध पंजीबद्ध किया गया। उन्होंने बताया कि दूसरी घटना में पुलिस ने आरोपीगण . विनोद पुत्र कमल सिंह यादव उम्र 50 साल,.शिवम उर्फ शुभम पुत्र विनोद यादव उम्र 28 साल निवासी गण रायरु ग्वालियर हाल ग्राम सेरसा थाना उनाव जिला दतिया को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयूक्त 12 वोर लायसेंसी वंदूक जप्त की गई। उपरोक्त आरोपी गणों को न्यायालय पेश कर जिला जेल दतिया भेजा गया।

उन्होंने आगे बताया कि अवैध जुआ सट्टा के विरुद्ध कार्यवाही में थाना उनाव पुलिस ने 05 जुआरियों को पकड़ा और 8500 /- रुपये नगदी व तास की गड्डी जप्त की गई। थाना उनाव पुलिस ने लमान माता गौ शाला के पास प्रतीक्षालय से आरोपीगण, सुरेश प्रजापति, हरीसिंह उर्फ हरीशंकर, कामता आदिवासी, आत्माराम परिहार, अक्कू उर्फ अकवर मुसलमान निवासीगण ग्राम परासरी के कब्जे से 8500/दृ रूपये ताश की गड्डी जब्त की। उक्त आरोपीगण को गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### विनीत बने अखिल भारतीय बढ़ई महासभा के जिलाध्यक्ष

**दतिया।** अखिल भारतीय बढ़ई महासभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रामप्रताप पांचाल प्रदेश अध्यक्ष एवं डॉ.पुनीत विश्वकर्मा ने सर्वसम्मति से अखिल भारतीय बढ़ई महासभा का जिलाध्यक्ष विनीत विश्वकर्मा को बनाया गया। इसके बाद जिला कार्यकारिणी की घोषणा पोषणा की।



## धूमधाम से निकाली गई कृष्ण भगवान की रैली

**उनाव, 18 अगस्त।** उन्नाव बालाजी में धूमधाम से निकाली गई कृष्ण भगवान जन्मोत्सव की महारेली यह रेली श्री खेरापति हनुमान जी महाराज के मंदिर से होकर सरसई तिराहा, मुख्य बाजार, हवेली प्रांगण पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वापस खेड़ापति मोहल्ला पहुंची जिसमें भारी जनसंख्या ने हिस्सा लिया जिसमें कल्लू यादव, सोहेल यादव, अभिषेक यादव, आयुष यादव, आकाश यादव, देवांश यादव, रोहित यादव, कृष्णख यादव, अर्जुन यादव, बच्चों से लेकर सभी लोग सम्मिलित हुए और बड़े ही धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ निकाली गई जिसमें बंशू यादव को कन्हैया बनाकर घोड़े पर बेठा कर संपन्न हुई।